न्यायालय उपखण्ड अधिकारी (राजस्व) भादरा, जिला हनुमानगढ़
पीठासीन अधिकारी :—श्री शकुंतला चौधरी आर.ए.एस.

मि0न0 – 28/2021

अनवान : –

सजना पत्नी महेन्द्रसिंह जाति जाट निवासी झांसल तहसील भादरा।

प्रार्थी

बनाम

1. कृष्णा पत्नी चन्द्रसिंह जाति जाट निवासी उदारण तहसील भादरा।
2. ताराचन्द पुत्र बनवारीलाल जाति ब्राह्मण निवासी बिराण तहसील भादरा।
3. हरीकृष्ण पुत्र बनवारीलाल जाति ब्राह्मण निवासी बिराण तहसील भादरा।
4. भारतीय स्टेट बैंक जरिये शाखा प्रबंधक शाखा छानीबड़ी।
5. एचडीएफसी बैंक जरिये शाखा प्रबंधक शाखा आदमपुर।
6. राजस्थान सरकार जरिये तहसीलदार राजस्व भादरा।

अप्रार्थीगण

प्रार्थना पत्र बाबत रास्ता
अन्तर्गत धारा 8(2) राज0 को0 कन्डीशन सपठित
धारा 251ए राजस्थान कास्तकारी अधिनियम

उपस्थिति :— श्री रोहताश शर्मा प्रार्थी
श्री पवन सिहाग अप्रार्थीगण

आदेश दिनांक: 15/11/21

संक्षेप में प्रार्थना पत्र के तथ्य इस प्रकार है कि रोही मौजा चक 1 एएमएस के खाता सं 2/2 के मु0न0 49 के किला न0 16/2, 17, 24, 25, मु0 न0 50 के किला न0 21, मु0 न0 58 के किला न0 3 ता 5 इस प्रकार कुल 1.8970 हैक्टेयर नहरी मय खाला प्रार्थीया सजना के नाम राजस्व रिकॉर्ड में दर्ज है।

अप्रार्थी संख्या 1 कृष्णा के नाम के नाम चक 1 एएमएस के वर्तमान खाता संख्या 52/49 के मुरब्बा न0 49 के किला न0 6 ता 9, 12, 13, मु0 न0 50 के किला न0 9.10, इस प्रकार कुल 2.024 हैक्टेयर नहरी मय रास्ता राजस्व रिकॉर्ड में दर्ज है। इसी प्रकार अप्रार्थी संख्या 2 व 3 के नाम चक 1 एएमएस के खाता संख्या 27/25 के मु0 न0 49 के किला न0 14, 15, 16, 18, 19 मु0 न0 50 के किला न0 11, 12, 20 इस प्रकार कुल 1. 8980 हैक्टेयर नहरी संयुक्त रूप से राजस्व रिकॉर्ड में दर्ज है।

प्रार्थीया की खातेदारी कृषि भूमि के चिपते ही उत्तरी तरफ अप्रार्थीगण की खतेदारी कृषि भूमि स्थित है। अप्रार्थी संख्या 1 के मु0 न0 49 के किला न0 6 ता 9 मु0 न0 50 के किला न0 9, 10 में किला के उत्तरी तरफ किला लाईन के पास–पास राजस्व रिकॉर्ड में स्वीकृत शुदा व चालू रास्ता है। प्रार्थीया उक्त रास्ता से होते हुवे अपनी खातेदारी कृषि भूमि में अप्रार्थी संख्या 1 के किला न0 7 में किला के पश्चिमी तरफ किला लाईन के पास पास उत्तर से दक्षिण उत्तर से दक्षिण 8–1/4 फीट चौड़ाई में एवं अप्रार्थी संख्या 2 व 3 के मु0 न0 49 के किला न0 14 में किला के पश्चिमी तरफ किला लाईन के पास–पास 8–1/4

उपखण्डाधिकारी (राजस्व), भादरा (जिला-हनुमानगढ़)

फीट चौड़ाई में आवागमन कर अपने खेत में पहुंचती है। इसके अलावा अन्य कोई पहुंच हेतु रास्ता स्वीकृत अथवा चालू नही है।

प्रार्थना पत्र पेश होने पर दर्ज रजिस्टर किया जाकर अप्रार्थी को जरिये नोटिस तलब किया गया। नोटिस तामिल होने के उपरान्त प्रार्थी एवं अप्रार्थीगण ने आपसी सहमति से राजीनामा पेश किया, जो तसदीक बाद शामिल पत्रावली है। अप्रार्थी स्टेट का जवाब प्राप्त हुआ, जो शामिल पत्रावली है।

बहस वकील उभयपक्षकारान सुनी गई। दौराने बहस वकील प्रार्थी ने कथन किया कि प्रार्थी व अप्रार्थीगण के मध्य आपसी सहमति से राजीनामा पेश किया है।

विद्वान अभिभाषकगण की बहस पर मनन किया गया। पत्रावली पर प्रस्तुत दस्तावेजात का ध्यानपूर्वक अवलोकन किया गया। राजीनामा के आधार पर प्रार्थना पत्र प्रार्थीया स्वीकार किया जाता है कि अप्रार्थी संख्या 1 कृष्णा के नाम रोही मौजा चक 1 एएमस के मु0 न0 49 के किला न 7 में पश्चिम तरफ उत्तर से दक्षिण की ओर 0.013 है0 यानि 8–1/4 फीट चौड़ा रास्ता, अप्रार्थी संख्या 2 ताराचन्द व अप्रार्थी संख्या 3 हरीकृष्ण के नाम रोही मौजा चक 1 एएमएस के मु0 न0 49 के किला न0 14 में पश्चिम तरफ उत्तर से दक्षिण की ओर 0.013 हैक्टेयर यानि 8–1/4 फीट चौड़ा, प्रार्थीया सजना के नाम रोही मौजा चक 1 एएमएस के मु0 न0 49 के किला न0 17 में पश्चिम तरफ उत्तरी–पश्चिमी कोना में 8–1/4 गुणा 8–1/4 फीट यानि 0.00065 हैक्टेयर रास्ता का अंकन राजस्व रिकॉर्ड, हॉल जमाबन्दी एवं नक्शा में किया जावें व उक्त रास्ता में जाने वाली भूमि के अनुपात में ही रास्ता की एवज में प्रार्थीया की चक 1 एएमएस के मु0 न0 49 के किला न0 17 व किला न0 16/2 में किला के उत्तरी तरफ 0.019 हैक्टेयर भूमि कम की जाकर अप्रार्थी संख्या 2 व 3 के नाम राजस्व रिकॉर्ड में दर्ज किया जावें। अप्रार्थी संख्या 2 व 3 अपनी कृषि भूमि चक 1 एएमएस के मु0 न0 49 के किला न0 14, 15, मु0 न0 50 के किला न0 11, 12 में प्रत्येक किला के उत्तरी तरफ किला लाईन के पास–पास उक्त चारों किला में से कुल 0.013 हैक्टेयर भूमि कम की जाकर अप्रार्थी संख्या 1 कृष्णा के नाम राजस्व रिकॉर्ड में दर्ज की जावें। तहसीलदार भादरा के नाम आदेश जारी हो।

निर्णय आज दिनांक ....15/11/21.... को मेरे द्वारा लिखवाया जाकर खुले न्यायालय में सुनाया गया।

(शकुंतला चौधरी)
उपखण्डाधिकारी (राजस्व, भादरा (जिला हनुमानगढ़) R.A.S
उपखण्ड अधिकारी (राजस्व)
भादरा जिला हनुमानगढ़

उपखण्ड अधिकारी (राजस्व) भादरा जिला-हनुमानगढ़